हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, बुधवार, 4 जून 2025
# मेट्रो सिटी

## वाड़ी में कार की टक्कर से युवती की मौत

**नागपुर.** अमरावती से खडगाव रोड पर पायल होटल के सामने शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक 22 वर्षीय अज्ञात महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला पैदल सड़क पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार से आ रही सुझुकी कार (क्रमांक एम एच 31 डीसी 5381) ने उसे जोरदार टक्कर मारी। वाहन चला रहा युवक मनन शैलेन्द्र मेहता (उम्र 20 वर्ष, शंकर नगर, एल.ए.डी कॉलेज के सामने निवासी ने अपनी कार लापरवाही और खतरनाक तरीके से चलाते हुए महिला को घायल कर दिया। हादसे के बाद, स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तुरंत सेनगुप्ता हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित किया।

इस संबंध में वाडी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया है। फिलहाल मामले की आगे की जांच जारी है।

# लता मंगेशकर उद्यान में बनेगा 8.79 करोड़ का एडवेंचर पार्क





**नागपुर.**

शहर में विद्यार्थियों को साहसिक खेलों का अनुभव प्रदान करने तथा उनमें साहस की भावना पैदा करने के लिए नागपुर महानगरपालिका ने 8 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से सूर्यनगर स्थित लता मंगेशकर उद्यान में साहसिक पार्क बनाने का निर्णय लिया है। इस अभिनव परियोजना को महानगरपालिका ने प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। इससे शहर की स्मार्ट तथा आकर्षक परियोजना में वृद्धि होगी।

लता मंगेशकर उद्यान के पुराने ऑडिटोरियम स्टेडियम को तोड़कर इस स्थान पर जगह खाली करा ली गई है। बच्चों के खेलने के लिए दो एकड़ जमीन भी उपलब्ध है। महानगरपालिका आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने इस पार्क में 15 विभिन्न प्रकार के साहसिक खेल तथा साहसिक पार्क बनाने के निर्देश दिये हैं। ऐसे साहसिक पार्क बनाने वाली एजेंसी के मालिकों से संपर्क कर उन्हें इस बारे में पूरी जानकारी दी गई है। साहसिक पार्क तथा इस क्षेत्र में आवश्यक निर्माण कार्य तथा हरियाली कार्यों को पूरा करने के लिए 8 करोड़ 79 लाख 16 हजार 694 रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें निर्माण कार्यों और हरियाली के लिए 4 करोड़ 58 लाख 63 हजार 374 रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही एडवेंचर पार्क के एडवेंचर गेम्स के निर्माण के लिए 4 करोड़ 20 लाख 53 हजार 320 रुपए का व्यय संभावित है। चूंकि यह परियोजना शहर के सौंदर्यीकरण की दृष्टि से युवा पीढ़ी के लिए रोमांचक और स्वास्थ्यवर्धक है, इसलिए इस प्रस्ताव के लिए विशेष विषय के रूप में धनराशि उपलब्ध कराई गई है। लता मंगेशकर उद्यान में एडवेंचर पार्क के निर्माण के लिए विभिन्न निर्माण कार्य, वायरिंग, फेंसिंग, नए रास्ते बनाने और कार्यालय और टिकट रूम बनाने, स्मार्ट टॉयलेट और अन्य छोटे-मोटे काम किए जाने का प्रस्ताव है और सौंदर्यीकरण की दृष्टि से हरियाली कार्य के तहत लॉन और सजावटी पेड़ लगाए जाने का प्रस्ताव है। इस कार्य की देखरेख आयुक्त कर रहे हैं और प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है और टेंडर आमंत्रित करने के बाद जल्द ही काम पूरा कर लिया जाएगा।

### ये होंगे एडवेंचर गेम्स..

जिप लाइन सिंगल रोप वन वे, एडवेंचर प्ले स्टेशन, लो रोप कोर्स, क्लाइंबिंग वॉल और ऑपरेशनल इक्विपमेंट, रैपलिंग वॉल और ऑपरेशनल इक्विपमेंट, साइकिल रोपवे (स्काई साइकिल डबल), स्काई रोलर डबल और ऑपरेशनल इक्विपमेंट, बंजी इजेक्शन और ऑपरेशनल इक्विपमेंट, सस्पेंशन ब्रिज और कैनोपी वॉक, बर्मा ब्रिज, ट्रैम्पोलिन पार्क और सॉफ्ट प्ले एरिया (पार्क और सॉफ्ट प्ले एरिया), ट्रैम्पोलिन पार्क और सॉफ्ट प्ले एरिया के लिए शटर के साथ बंद शेड, बड़ा झूला, नेट क्लाइंबिंग, रोप क्लाइंबिंग, स्लिपरी वॉल,इस तरह के एडवेंचर गेम पार्क में होंगे।

## 10वीं मंजिल से गिरकर पेंटर की मौत, पेंटिंग करते समय हादसा

**नागपुर.**

वानाडोंगरी स्थित धनश्रुती अपार्टमेंट में पेंटिंग का काम करते समय एक युवक का संतुलन बिगड़ने से वह 10वीं मंजिल से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा दोपहर करीब 12:30 बजे के आसपास हुआ। मृतक की पहचान कैफ आलम (उम्र 21 वर्ष) दमदमा, सालमारी, आजमगढ़, बिहार निवासी के रूप में हुई है। वह अपने बड़े भाई एम.डी. बारीक आलम (उम्र 27 वर्ष) के साथ पेंटिंग का कार्य कर रहा था।

काम के दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ऊँचाई से नीचे गिर गया। साथी मजदूर तुरंत उसे लता मंगेशकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर एमआईडीसी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के भाई की सूचना के आधार पर पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## पाकिस्तान जानेवाली सुनीता को कारगिल पुलिस करेगी गिरफ्तार

### जांच के लिए नागपुर पहुंची पुलिस की टीम

**नागपुर.**

पाकिस्तान के गिलगिट इलाके में रहने वाले व्यक्ति से स्टोन कारोबार को लेकर चर्चा करने के इरादे से एलओसी पार करने वाली महिला सुनीता को अब कारगिल पुलिस हिरासत में लेने वाली है। इसी सिलसिले में लद्दाख पुलिस की एक टीम मंगलवार को नागपुर पहुंची।



सुनीता 28 मई से नागपुर के कपिल नगर पुलिस की हिरासत में थी। पूछताछ के बाद उसे सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। हिरासत के दौरान सुनीता ने बताया कि वह पाकिस्तान के गिलगिट क्षेत्र में जुल्फेकार नामक व्यक्ति से स्टोन व्यापार को लेकर चर्चा करने गई थी। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वह युद्ध जैसे हालात के बीच एलओसी पार करने में सफल रही। यह पहली बार नहीं है जब सुनीता ने यह दुस्साहस किया हो। इससे पहले भी वह नवंबर 2024 और मार्च 2025 में एलओसी पार करते हुए पकड़ी जा चुकी है। इस लगातार हो रहे उल्लंघन ने एनआईए, सेना, खुफिया एजेंसियों और कारगिल पुलिस को भी चौंका दिया है। इसी कारण सभी एजेंसियां बारी-बारी से उससे पूछताछ कर रही हैं ताकि एलओसी पार करने के पीछे की सच्चाई सामने आ सके। मंगलवार को कारगिल पुलिस का एक दल जिसमें एक पीएसआई, दो महिला और एक पुरुष अधिकारी शामिल हैं, नागपुर पहुंचा है। इस टीम ने अदालत में प्रॉडक्शन वारंट के लिए आवेदन दाखिल किया है। बुधवार को वारंट मिलने के बाद सुनीता को कारगिल ले जाकर उससे आगे की पूछताछ की जाएगी। सुनीता के बार-बार सीमा पार करने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया एजेंसियों की सतर्कता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह देखना अहम होगा कि कारगिल पुलिस की पूछताछ में क्या नए खुलासे होते हैं।

## शहर में घूमता तड़ीपार आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** बजाजनगर पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान गुप्त जानकारी के आधार पर एक तड़ीपार आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सागर गौतम झारिया (उम्र 27 वर्ष) के रूप में हुई है, जो दंतेश्वरी वस्ती, शीतला माता मंदिर के पास रह रहा था। पुलिस टीम जब नियमित पेट्रोलिंग पर थी, तभी उन्हें सूचना मिली कि एक तड़ीपार आरोपी इलाके में मौजूद है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसका पीछा कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सागर झारिया को पुलिस उपायुक्त, परिमंडल क्र. 1 द्वारा 12.11.2024 को नागपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र से दो वर्षों के लिए तड़ीपार किया गया था। इसके बावजूद आरोपी बिना किसी अनुमति के शहर में मौजूद पाया गया।

पुलिस का मानना है कि आरोपी किसी आपराधिक गतिविधि की योजना से क्षेत्र में लौटा था। आरोपी के खिलाफ धारा 142 महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## ग्राहकों से संवाद बढ़ाएं, शिकायतें कम करें : सचिन तालेवार

**नागपुर.**

महावितरण के संचालक (संचालन एवं परियोजना) सचिन तालेवार ने नागपुर परिक्षेत्र की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि वे ग्राहकों के साथ सीधा संवाद बढ़ाएं, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें और शिकायतों की संख्या कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि, "सकारात्मक संवाद से कई ग्राहक समस्याएं सुलझाई जा सकती हैं और इससे शिकायतों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।" उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी मरम्मत कार्य में विलंब हो रहा हो, तो ग्राहकों को तुरंत सूचित करें। अगर आपूर्ति समय पर बहाल नहीं होती, तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तालेवार ने बड़े और गंभीर तकनीकी खराबी के स्थानों पर वरिष्ठ अभियंताओं की व्यक्तिगत उपस्थिति आवश्यक बताते हुए दुरुस्ती कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही, यदि रखरखाव या मरम्मत के लिए विद्युत आपूर्ति बंद करनी हो, तो इसकी पूर्व सूचना ग्राहकों को दी जानी चाहिए।

महावितरण अधिकारियों की समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारी तालेवार ने निर्देश दिया कि 11 केवी लाइनों की विद्युत बंदी की अनुमति अधीक्षण अभियंता और 33 केवी लाइनों की अनुमति मुख्य अभियंता ही देंगे। औद्योगिक और एमआईडीसी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति केवल नियोजित दिन ही बाधित की जाए और सभी ग्राहकों को पूर्व सूचना दी जाए। तकनीकी खराबी की स्थिति में महावितरण सॉफ्टवेयर में जानकारी दर्ज कर ग्राहकों को एसएमएस द्वारा तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए गए। तालेवार ने ग्राहक सेवा को अधिक सरल बनाने पर जोर दिया और नाम परिवर्तन जैसी सरल प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से जटिल बनाए जाने पर नाराज़गी जताते हुए उसे सहज बनाने के निर्देश भी दिए।



संचालक ने बताया कि स्मार्ट मीटर से बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता का मूल्यांकन ग्राहक स्तर पर संभव होगा, जिससे उन्हें विश्वसनीय आपूर्ति का लाभ मिलेगा। उन्होंने ट्रांसफॉर्मर व ब्रेकर्स की छोटी-मोटी मरम्मत स्थान स्तर पर ही निपटाने की बात भी कही। बकायेदार ग्राहकों के संबंध में उन्होंने दो ही विकल्प सुझाए – या तो बकाया वसूल करें या विद्युत आपूर्ति काटकर उसे सिस्टम में दर्ज करें।

इसके साथ ही उन्होंने 'मागेल त्याला सौर कृषीपंप', 'सुअभ्रग्राम', 'मॉडेल सोलर विलेज', 'आरडीएसएस', 'मुख्यमंत्री सौर कृषी वाहिनी' जैसी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। इस महत्वपूर्ण बैठक में गोंदिया परिमंडल के मुख्य अभियंता सुहास रंगारी, नागपुर परिमंडल के दिलीप दोडके, चंद्रपुर के हरिश गजबे, अमरावती के अशोक सालुंके सहित सभी परिमंडलों के अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता एवं उपविभागीय अभियंता उपस्थित थे।

## सदर मुस्लिम लाइब्रेरी में अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर भव्य कार्यक्रम

**नागपुर.**

सदर मुस्लिम लाइब्रेरी में दिनांक 31 मई 2025 को महान मराठा रानी और समाज सुधारक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उनके अनुकरणीय सुशासन, परोपकार और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण को याद करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना था। कार्यक्रम का संचालन लाइब्रेरी के संयुक्त सचिव एस. ए. वहीद ने किया। उन्होंने अपने प्रभावशाली वक्तव्य में अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, कार्य और उनके ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लाइब्रेरी के उपाध्यक्ष एडवोकेट कुतुब ज़फर ने अपने भाषण में अहिल्याबाई के समावेशी प्रशासन और धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश भर में मंदिर, कुएं और धर्मशालाएं बनवाकर समाजसेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। लाइब्रेरी के सचिव हामिद कुरैशी ने भी समारोह को संबोधित किया और इस ऐतिहासिक आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें सामाजिक सौहार्द और ऐतिहासिक चेतना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने अहिल्याबाई के विचारों को आज के दौर में महिला सशक्तिकरण और नागरिक उत्तरदायित्व की दिशा में प्रासंगिक बताया। समारोह का समापन कार्यकारिणी के सदस्य सैयद आसिफ अली ने धन्यवाद के साथ किया। पुस्तकालय के समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम की सफलता हेतु विशेष प्रयास किये।



## घर से उड़ाए 47 लाख के गहने और नकदी

**नागपुर.** गणेशपेठ पुलिस थाना क्षेत्र में एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है, जिसमें अज्ञात चोर ने घर से करीब 47,10,000 मूल्य के गहने और नकदी चुरा लिए हैं। यह घटना श्री लक्ष्मी निवास, मारवाड़ी चाल, बजेरिया स्थित एक घर में घटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित सनी सतीषकुमार गुप्ता (उम्र 39 वर्ष) पेशे से आर्किटेक्ट है और उनके घर में ही तल मंजिल पर फर्नीचर का शोरूम है। उनकी माता ने घर की बेडरूम में स्थित लोहे की आलमारी में सोने, डायमंड, प्लैटिनम के बहुमूल्य आभूषण और 1 लाख नकद रखे हुए थे। 1 जून को शाम 5 बजे के करीब जब उन्होंने आलमारी चेक की, तो नकद और सभी आभूषण गायब दिखे। पुलिस के अनुसार, यह चोरी 23 मई दोपहर 3 बजे से लेकर 1 जून शाम 5 बजे के बीच किसी समय अज्ञात चोर ने की। कुल चोरी गए सामान की कीमत लगभग 47.10 लाख बताई जा रही है। फरियादी की शिकायत के आधार पर गणेशपेठ पुलिस थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और चोर की तलाश जारी है।

## पेट्रोल टैंकर फ्लाईओवर के हाइट बैरियर से टकराया

### सीताबर्डी में बड़ा हादसा टला

**नागपुर.**

शहर में मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया जब रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड का एक पेट्रोल टैंकर सीताबर्डी फ्लाईओवर पर चढ़ते समय हाल ही में लगाए गए हाइट बैरियर से टकरा गया। यह टैंकर लगभग 23,000 लीटर ज्वलनशील पेट्रोल लेकर राहाटे कॉलोनी की ओर से फ्लाईओवर पर चढ़ रहा था। घटना दोपहर के समय की है, जब टैंकर ऊँचाई की सीमा तय करने वाले बैरियर से टकरा गया। टक्कर के बाद फ्लाईओवर पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि टैंकर न तो पलटा और न ही उससे किसी तरह का रिसाव या आगजनी हुई। इससे एक बड़ी त्रासदी टल गई। प्रशासन द्वारा फ्लाईओवर पर भारी और बड़े वाहनों की एंट्री रोकने के लिए हाल ही में यह ऊँचाई बैरियर लगाया गया था। इस बैरियर ने प्रभाव को झेलते हुए टैंकर को आगे बढ़ने से रोक दिया। हादसे के बाद सीताबर्डी ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा जांच तथा वाहन हटाने की प्रक्रिया के चलते फ्लाईओवर को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं। यह जांच करेगी कि क्या ड्राइवर की लापरवाही या संकेतों की स्पष्टता में कमी इस हादसे का कारण बनी।



## गोवंश तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

### > 9 गोवंश को पुलिस ने दिलाया जीवनदान

**नागपुर.**

क्राइम ब्रांच की यूनिट 1 की टीम ने गोवंश जानवरों की अवैध और निर्दयी तस्करी तस्करी के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस को मिली पक्की सूचना के आधार पर 3 जून को सुबह करीब 6 बजे, हिंगणा रोड स्थित सुवर्णा पोहा सेंटर के पास एक संदिग्ध वाहन (क्रमांक एम एच-30 बीडी-6388) को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को उसमें 9 जीवित गोवंश जानवर क्रूरतापूर्वक, बिना चारा-पानी के, बांधकर ले जाए जा रहे थे। दुर्भाग्यवश, उनमें से एक जानवर मृत अवस्था में पाया गया। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम आसिफ उर्फ गोलू मेहबूब कुरैशी (उम्र 30) अंसार नगर, मोमिनपुरा निवासी बताया। जांच में सामने आया कि आरोपी इन जानवरों को अवैध रूप से वध के लिए कत्लखाने ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से कुल 5,12,000 रुपये मूल्य का माल, जिसमें वाहन और जानवर शामिल हैं, जब्त किया गया। मृत पशु का पोस्टमार्टम करवाया गया है, जबकि अन्य जानवरों को गोरक्षण संस्था, धंतोली में सुरक्षित पहुंचाया गया है। सपोनि. सचिन भोंडे की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एमआईडीसी थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 325, महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम 1976 (संशोधित 1995), पशु क्रूरता अधिनियम 1960 तथा मोटर वाहन अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

## नागपुर में ट्रैफिक से मिलेगी राहत

### 8 नए अंडरब्रिज और ओवरब्रिज बनाने की योजना

**नागपुर.**

उपराजधानी नागपुर जिस तरह बढ़ रही है, उससे दोगुनी गति से शहर का ट्रैफिक भी बढ़ रहा है। जिसके कारण शहर की यातायात व्यवस्था पर गहरा असर दिखाई दे रहा है। शहर के प्रमुख हिस्सों में वाहनों की लंबी कतारें और जाम दिखाई देता है। जिसके नागरिकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर की ट्रैफिक समस्या को सुलझाने के लिए प्रशासन लगातार कदम उठा रहा हैं। इस बीच एक बड़ी अहम् जानकारी सामने आई है। इसके तहत शहर के आठ बेहद व्यवस्था हिस्सों में नए अंडर ब्रिज और ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। जिससे उन क्षेत्रों में लगने वाले जाम से नागरिकों को मुक्ति मिल सकें। प्रशासन ने 2025 सिटी मोबिलिटी प्लान बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर टीम का गठन भी कर दिया गया है। टीम में नागपुर शहर की बढ़ती जनसंख्या और भविष्य को देखते हुए अपनी रिपोर्ट बनाना शुरू कर दिया है। शुरूआती रिपोर्ट में टीम ने शहर के ट्रैफिक पर दिया और शहर के उन हिस्सों में जहां सबसे ज्यादा जाम लगता है। उसे समाप्त करने या कम करने के लिए अपने सुझाव दिए। अपने सुझाव में टीम ने उन क्षेत्रों में नए अंडर ब्रिज और ओवर ब्रिज बनाने का सुझाव दियाहै। इन निर्माण में 510 करोड़ की लागत आने का अनुमान जताया है।



**तीन चरणों में लागू की जाएगी रिपोर्ट :** सीएमपी टीम ने सबसे ज्यादा फोकस शहर के ट्रैफिक पर दिया है। वर्तमान में शहर की ट्राफीक व्यवस्था चरमारती जा रही है। वहीं भविष्य में यह और ख़राब हो सकती है। टीम की बनाई गई रिपोट को तीन चरणों में लागू करने की जानकारी मिली है। पहले चरण में 90 करोड़ की लागत से दो फ्लाईओवर बनाने का सुझाव दिया गया है। वहीं दूसरे चरण में दो आरओबी और आरयूबी के निर्माण की बात कही गई है, जिसमें अनुमानित खर्च 100 करोड़ होगा। इसी के साथ तीसरे चरण में बचे हुए कामों को किया जाएगा।

### इन क्षेत्रों में बनाए जाएंगे आरयूबी और आरओबी

टीम ने जिन क्षेत्रों में नए आरयूबी और आरओबी बनाने का सुझाव दिया है उसमें आरबीआई चौक, अजनी चौक, कोराडी नाका, न्यू काटोल नाका, कामठी, मेडिकल चौक, मानेवाड़ा और तथागत चौक शामिल है। टीम की रिपोर्ट के अनुसार, इन क्षेत्रों में ट्रैफिक दिन ब दिन ख़राब होती जा रही है। ट्रैफिक और जाम से नागरिक पूरी तरह ऊब चुके हैं।

## गांजा तस्करी करते 2 आरोपी गिरफ्तार

### > हुडकेश्वर पुलिस की कार्रवाई

**नागपुर.**

हुडकेश्वर पुलिस ने गुप्त जानकारी के आधार पर छापा मारा कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 2 जून की शाम 6:20 बजे से 7:40 बजे के बीच तपस्या चौक, मानेवाडा रिंग रोड इलाके में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली थी जिसके बाद जाल बिछाकर संदिग्ध स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (क्रमांक एम एच-31 बीडी-5853) को रोका। मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्तियों से पूछताछ में उनकी पहचान शेख अन्वर शेख जाफर (30 वर्ष) मिलन नगर, बहादुरा फाटा निवासी और मोहम्मद इमरान मोहम्मद माजीद (27 वर्ष) टोली चौकी, गोलकुंडा, हैदराबाद निवासी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से प्लास्टिक की थैली में रखे हुए 2 किलो 30 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 40,000 बताई जा रही है। इसके अलावा दो मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल सहित कुल 1,00,000 का माल जब्त किया गया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी आर्थिक लाभ के लिए नशीले पदार्थ गांजा की अवैध तस्करी कर रहे थे। उनके खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 8(क), 20(ब), 2(ब), 29 के तहत हुडकेश्वर थाने में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आगे की जांच जारी है।

# नांदा में बड़ी चोरी की वारदात: 13.5 लाख के जेवरात पार, नकदी रह गई सुरक्षित

## >चार दिन से बंद घर को बनाया निशाना, खापरखेड़ा पुलिस जांच में जुटी

**खापरखेड़ा.**

खापरखेड़ा थाना क्षेत्र के नांदा इलाके में एक बंद घर में बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। वर्धा में अपने साले की शादी में शामिल होने गए उमेश मांडुलकर के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया और लगभग 13.5 लाख रुपये के सोने के जेवरात चुरा लिए।

यह घटना मंगलवार सुबह तब सामने आई, जब पड़ोसी चेतन ने उमेश के घर का दरवाजा खुला देखा। चेतन ने बताया कि घर की लाइट और पंखा चालू था और दरवाजे का हैंडल टूटा हुआ था। उसने तुरंत उमेश मांडुलकर को फोन कर इसकी जानकारी दी। उमेश की सलाह पर चेतन ने घर के भीतर जाकर देखा, जहां अलमारी टूटी हुई मिली।







### पुलिस जांच जारी

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी किस दिन हुई, क्योंकि चार दिनों से घर बंद था। इसके लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि चोरों की पहचान की जा सके। फिलहाल, खापरखेड़ा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उमेश मांडुलकर शुक्रवार को अपने परिवार के साथ वर्धा गए थे और तब से उनका घर बंद था। जैसे ही चोरी की सूचना मिली, वे तत्काल घर लौटे और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही खापरखेड़ा पुलिस दल, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की।

चोरों ने घर की लोहे और लकड़ी की अलमारियां तोड़कर उनमें रखे करीब 15 तोले सोने के जेवरात (13.5 लाख रुपये मूल्य) और 20 ग्राम चांदी (20 हजार रुपये मूल्य) चुरा लिए। हालांकि, अलमारी की एक दराज में रखे 50 हजार रुपये नकद चोरों की नजर से बच गए।

# दिघोरी ग्रामपंचायत में किसान मार्गदर्शन शिविर का आयोजन

**कामठी.**

तहसील के दिघोरी ग्राम पंचायत कार्यालय में कृषि विभाग द्वारा खरीफ फसल के मौसम में विभिन्न फसलों के संबंध में किसानों के लिए एक मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया था।

किसान मार्गदर्शन शिविर का उद्घाटन सरपंच सुनील डाफ ने दीप प्रज्वलन और संत गाडगेबाबा, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर कृषि अधिकारी अश्विनी साखरे, सुखदेव देशमुख, शामराव राऊत, आशीष डाफ, पंकज डाफ, प्रवीण ठुने आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित थे। किसान मार्गदर्शन शिविर में कृषि अधिकारी अश्विनी साखरे ने किसानों को खरीफ फसल के बारे में मिट्टी परीक्षण, भूमि स्वास्थ्य कार्ड, मिट्टी का नमूना लेने की विधि, बीज उपचार, धान के बीजों को तीन प्रतिशत नमक के घोल से बीज उपचार के बारे में व्यावहारिक प्रदर्शन करके समझाया। इसके अलावा, बीज की अंकुरण क्षमता, किसानों को एग्रीस्टैक, फार्मर आईडी, पीएम किसान सम्मान निधि के संबंध में जानकारी और कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित थे।

# युवक ने कुएं में कूदकर की आत्महत्या, कारण अस्पष्ट

**उमरेड.**

तहसील के तांबेखनी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 24 वर्षीय युवक ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना रविवार सुबह करीब 8:30 बजे उजागर हुई। मृतक की पहचान तांबेखनी निवासी आशीष रमेश लडी (24) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नागपुर निवासी तुषार माणिक शहारे के खेत में काम करने वाले नौकर भारत गुलाब उईके जब खेत पर पहुंचा तो उसने कुएं के पास एक मोबाइल फोन पड़ा देखा। शक होने पर उसने कुएं में झांककर देखा तो उसमें एक युवक का शव तैरता हुआ नजर आया।

इसकी जानकारी तुरंत गांव में फैल गई और मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। मामले की सूचना उमरेड पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए उमरेड ग्रामीण अस्पताल भेजा गया।

मृतक की पहचान होते ही उसके परिजनों को सूचना दी गई। हालांकि, युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# कोंढाली के हेटीपुरा और शिक्षक कॉलोनी की सड़कें जर्जर

**कोंढाली.**

कोंढाली नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले हेटीपुरा और शिक्षक कॉलनी की आंतरिक सड़कों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। क्षेत्र की कई सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं, जिससे नागरिकों खासकर स्कूली छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के मौसम में सड़कों पर पानी जमा हो जाने से आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के युवा कार्यकर्ता प्रज्वल धोटे ने नगर पंचायत कोंढाली को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने हेटीपुरा और शिक्षक कॉलनी की आंतरिक सड़कों की मरम्मत एवं नालियों के निर्माण की मांग की है।





प्रज्वल धोटे ने कहा कि इन मार्गों की मरम्मत न होने की वजह से बारिश के दिनों में जलजमाव जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इन सड़कों के निर्माण कार्य को शुरू करने की मांग की है, ताकि स्थानीय नागरिकों को राहत मिल सके।

स्थानीय निवासियों ने भी प्रज्वल धोटे के इस प्रयास का समर्थन किया है और नगर प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में डॉ. ओंकार केलवदे का संदेश

**खापरखेड़ा.**

प्रकाशनगर वसाहत स्थित मनोरंजन गृह क्रमांक दोन में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संवाद सत्र में प्रसिद्ध मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. ओंकार केळवदे ने कहा कि "जीवन में नकारात्मक विचारों को अपनाने से तनाव बढ़ता है, जबकि सकारात्मक सोच अपनाने से मानसिक तनाव कम होता है।"

इस अवसर पर पूर्व सभापति चंद्रशेखर पानतावणे, मंगला अतकरी, राजू गावंडे, आर. के. केसकर, महेश वानखेडे, दीपा वानखेडे, महेश नागदावने, डॉ. समीर अन्सारी, रीमा केळवदे, अथर्व केळवदे, द्विपर्णा केळवदे, अमित डोंगरे, रितेश डोंगरे सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।



डॉ. केलवदे ने "मन का प्रशिक्षण और आंतरिक शांति की कुंजी" विषय पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि इस संवाद सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और आम नागरिकों को मानसिक स्वास्थ्य का महत्त्व समझाना था। उन्होंने बताया कि जीवन की तेज़ रफ्तार में तनाव का सामना करने के लिए मानसिक संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने दैनिक जीवन में तनाव से निपटने के उपाय, विशेषज्ञों के सुझाव, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के परस्पर संबंध, मानसिक रूप से सफल और शांतिपूर्ण जीवन की कल्पना, तथा एकाग्रता बढ़ाने के व्यावहारिक तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संवाद सत्र में प्राप्त ज्ञान और मार्गदर्शन से सभी प्रतिभागियों ने संतोष और प्रेरणा प्राप्त होने की बात कही।इस प्रकार, यह सत्र मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सफल और सराहनीय प्रयास रहा।



# लगेश्वरी काले समाजभूषण पुरस्कार से सम्मानित

**कामठी.**

साई कलारत्न समाजभूषण पुरस्कार से भीलगांव की सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष लतेश्वरी ब्रह्माजी काले सम्मानित की गई।

ज्ञात हो कि सुदाम संसारे और ओम साई विकास प्रतिष्ठान व बी.बी.सी. फिल्म प्रोडक्शन महाराष्ट्र राज्य द्वारा निर्मित साई कलारत्न समाजभूषण पुरस्कार हाल ही में शिर्डी स्थित होटल साई सुमन में आयोजित एक कार्यक्रम में लगेश्वरी काले को प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर का होने के कारण इसे विशेष महत्व प्राप्त है। यह पुरस्कार मान, सम्मान और प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है। इस भव्य और दिव्य पुरस्कार समारोह के संस्थापक अध्यक्ष सुदाम संसारे के हस्ते और इस पुरस्कार समारोह की उपाध्यक्ष वंदना गव्हाणे की उपस्थिति में यह पुरस्कार दिया गया।

उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार सामाजिक क्षेत्र में असाधारण कार्य करने वाले व्यक्ति को प्रदान किया जाता है, और इसी कारण भीलगांव की लतेश्वरी काले को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।





# राज्यस्तरीय गुणवंत कर्मचारी गौरव पुरस्कार से किशोर वत्सला देवचंदराव वैद्य सम्मानित



**हिंगना.**

ग्राम विकास विभाग, महाराष्ट्र शासन द्वारा राज्य में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन में कर्मचारियों के प्रशासनिक व तकनीकी कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को राज्य स्तर पर गौरवित किया जाता है।

इसी क्रम में, तालुका आरोग्य अधिकारी कार्यालय, पंचायत समिति हिंगणा, जिला नागपुर में कार्यरत किशोर वत्सला देवचंदराव वैद्य (आरोग्य सहायक) को वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तरीय गुणवंत कर्मचारी गौरव पुरस्कार से महामहिम राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन के करकमलों से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मुंबई स्थित यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान, मंत्रालय में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की। उनके साथ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, ग्रामविकास मंत्री जयकुमार गोरे एवं राज्यमंत्री योगेश कदम प्रमुख उपस्थित थे। वैद्य को यह पुरस्कार उनके विशेष सामाजिक स्वास्थ्य योगदान और नवाचार हेतु प्रदान किया गया।

उन्होंने “आरोग्य सेवा, हीच ईश्वर सेवा” के ध्येय से कार्य करते हुए नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए “सामाजिक आरोग्य विषयक संख्याशास्त्र” नामक एक ऑनलाइन सॉफ्टवेयर विकसित किया है। यह सॉफ्टवेयर शासकीय दवाखानों, शासन एवं नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। किशोर वैद्य को इसी वर्ष "वंदनीय बालासाहब ठाकरे आरोग्य रत्न पुरस्कार" से भी सम्मानित किया गया है, जो उनकी सेवा भावना और कार्य की गुणवत्ता का प्रमाण है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने डॉ. प्रविण पडवे (तहसील आरोग्य अधिकारी, हिंगना) सहित वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों – प्रशांत कोहाडे, प्रशांत चव्हाण, गणेश कंगाले, चंद्रकांत राउत, धम्मदिप गणविर, मोहन भोयर, संजु नैताम, संगिता सोमकुवर, आचल गुजरकर, प्रीति लांजेवार – के मार्गदर्शन और सहयोग का आभार प्रकट किया। किशोर वैद्य के इस गौरवपूर्ण सम्मान पर समस्त आरोग्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी हैं।






# इरशाद, आरिफ़, फारूक ने की ईद-उल-अजहा पर साफ-सफाई की अपील

**कामठी.**

ईद पहले मुस्लिम समुदाय को सलाह देते हुए जमिअतुल कुरैश संगठन के सचिव इरशाद कुरैशी, सदस्य रफीक कुरैशी, फारूक कुरैशी ने कहा कि हमेशा की तरह, सिर्फ उन्हीं जानवरों की कुर्बानी दी जानी चाहिए जिन पर कोई पाबंदी नहीं है और कुर्बानी वाली जगह पर साफ-सफाई बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जानवरों की कुर्बानी खुली जगहों जैसे गलियों, सड़क के किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर नहीं की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा पर मुसलमानों से कुर्बानी के धार्मिक कर्तव्य का पालन करने, सरकार के दिशानिर्देशों का पालन करने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा न करने, अवशेषों को सड़कों पर न फेंकने और किसी भी उकसावे पर संयम बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि इस्लाम में कुर्बानी का कोई विकल्प नहीं है, यह एक धार्मिक कर्तव्य है जिसकी अदायगी हर सक्षम मुसलमान पर वाजिब है। इसलिए जिस व्यक्ति पर कुर्बानी वाजिब है, उसे हर हाल में यह फर्ज अदा करना चाहिए।

उन्होंने ईद-उल-अजहा के मौके पर साफ-सफाई का खास ध्यान रखने की सलाह देते हुए कहा कि जानवरों के अवशेष (फुजलात) को सड़कों, गलियों और नालियों में न फेंकें, बल्कि इस तरह से दफन किया जाए कि बदबू न फैले। साम्प्रदायिक तत्वों की ओर से किसी भी तरह की उकसावे वाली कार्रवाई पर सब्र और संयम का प्रदर्शन करते हुए मामले की शिकायत स्थानीय थाने में जरूर दर्ज करा दें। हमें हरगिज मायूस नहीं होना चाहिए, बल्कि अल्लाह पर पूरा भरोसा रखते हुए हालात का मुकाबला अमन-शांति, प्यार-मुहब्बत और सब्र-सुकून के साथ करना चाहिए.

# आरटीओ की कार्रवाई बस्ती के भीतर: नियमों की सख्ती या गरीबों पर सीधा वार?

## > खाली टाटा यस पर ₹ 22,000 का चालान, आम जनता में आक्रोश

**वाडी.**

वाडी क्षेत्र में आरटीओ (क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय) की सख्त कार्रवाई अब सीधे बस्तियों तक पहुँचने लगी है, जिससे आम जनता खासकर निम्नवर्ग के बीच गहरी चिंता और असंतोष फैल गया है।

3 जून, दोपहर लगभग 12 बजे, खड़गांव रोड से वसंत विहार की ओर जा रहे एक खाली टाटा यस वाहन को विकास नगर, वाडी क्षेत्र में आरटीओ अधिकारी एपीआई भारत विलास महाजन ने रोका। जांच में पाया गया कि वाहन चालक मनीष नेहारे के पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस था, न गाड़ी का फिटनेस प्रमाणपत्र, न बीमा और न ही प्रदूषण प्रमाणपत्र। इन सभी जरूरी दस्तावेजों के अभाव में ₹ 22,000 का भारी चालान ठोका गया। चालान की रकम और कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बस्ती के अंदर इस तरह की छापेमारी सीधे तौर पर गरीब तबके की रोज़ी-रोटी पर हमला है। जिस वर्ग की दैनिक कमाई मुश्किल से दो वक़्त के भोजन तक सीमित है, उन पर ₹20,000 से अधिक का जुर्माना लगाना कहीं से भी न्यायोचित नहीं लगता।

स्थानीय लोगों का मानना है कि कानून का पालन ज़रूरी है, लेकिन कार्रवाई का तरीका और स्थान भी संवेदनशीलता और न्याय के दायरे में होना चाहिए। ऐसे सख्त कदमों से एक तरफ सरकार को राजस्व जरूर प्राप्त होता है, लेकिन दूसरी तरफ मेहनतकश नागरिकों पर आर्थिक और मानसिक बोझ बढ़ जाता है।







### बस्तियों में कार्रवाई: कानून की मजबूरी या गरीबों पर दबाव?

इस कार्रवाई को एपीआई भारत महाजन और चालक निलेश ठाकरे ने अंजाम दिया। मामला अब सामाजिक और प्रशासनिक बहस का विषय बनता जा रहा है — क्या बस्तियों में जाकर नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करना कानून की मजबूरी है, या यह गरीब तबके पर अतिरिक्त दबाव बनाता है?

# कोंढाली तहसील माहेश्वरी समाज का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

## > मातृ-पितृ वंदना पूजन कार्यक्रम भी श्रद्धापूर्वक आयोजित






**कोंढाली.**

कोंढाली माहेश्वरी सभा द्वारा लूणकरण माहेश्वरी के संयुक्त तत्वावधान में तथा नागपुर जिला माहेश्वरी सभा के पदाधिकारियों हरेश सोनी, महेश बियानी, सुरेश गांधी, राजेश काबरा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एक भव्य नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर उनका ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई और आवश्यक दवाइयों का वितरण नि:शुल्क किया गया। विभिन्न रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया।

यह शिविर 1 जून को एन.एस.एच. क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर तथा कोंढाली माहेश्वरी सभा के संयुक्त तत्वावधान में महेश नवमी के पावन अवसर पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. वैभव बियानी, डॉ. विवेक कुहिटे, डॉ. संतोष दणके, डॉ. चारू गभने एवं एन.एस.एच. हॉस्पिटल के चिकित्सा स्टाफ द्वारा कुल 257 मरीजों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें दवाइयाँ वितरित की गईं। शिविर के दौरान नागपुर जिला माहेश्वरी सभा के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े पदाधिकारी सुरेश गांधी, दिनेश लड्डड़, हॉस्पिटल के व्यवस्थापक विनोद फाफट तथा कोंढाली माहेश्वरी सभा के महिला और पुरुष पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।

मातृ-पितृ वंदना पूजन भी हुआ आयोजित कोंढाली माहेश्वरी सभा द्वारा स्थानीय प्राचीन प्रभु श्रीराम मंदिर में समाज के ज्येष्ठ नागरिकों के लिए मातृ-पितृ वंदना पूजन कार्यक्रम का आयोजन भी श्रद्धापूर्वक किया गया। इस भावपूर्ण आयोजन में समाज के कई वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन की जानकारी कोंढाली माहेश्वरी सभा की आयोजन समिति द्वारा दी गई।


# प्रधानमंत्री आवास योजना फेज-2 कई पात्र हितग्राही हुए वंचित

## > सरपंच संगठन ने सर्वे की समयसीमा बढ़ाने की मांग की

**समुद्रपुर.**

ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब और जरूरतमंद लोगों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना फेज-2 के तहत अनेक पात्र लाभार्थी अब भी योजना से वंचित रह गए हैं। इस स्थिति को देखते हुए सरपंच संगठन ने सर्वेक्षण की समयसीमा कम से कम एक महीने और बढ़ाने की मांग की है।

सरपंच संगठन के जिला प्रसिद्ध प्रमुख विलास नवघरे और अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि फेज-2 के तहत ग्राम विकास अधिकारियों और ग्राम सेवकों को आवास प्लस एप के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य सौंपा गया था। यह कार्य पहले 1 मई से 15 मई तक किया जाना था, जिसे बढ़ाकर 31 मई तक कर दिया गया था। इसके बावजूद अनेक पात्र




लाभार्थी सर्वेक्षण से वंचित रह गए हैं।

वंचित रह जाने के मुख्य कारण: कई लाभार्थी सर्वेक्षण के समय घर पर मौजूद नहीं थे। दूरदराज और जंगली इलाकों में नेटवर्क की समस्या रही, जिससे ऑनलाइन फॉर्म अपलोड नहीं हो सके।

अनेक लोगों के पास आधार कार्ड या जॉब कार्ड जैसी आवश्यक दस्तावेजों की कमी थी। ग्राम सेवकों पर दो से तीन ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी थी, जिससे सर्वेक्षण कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका।

तकनीकी दिक्कतों के चलते नागरिक स्वयं ऑनलाइन आवेदन भरने में असमर्थ रहे।

सरपंच संगठन ने यह मांग की है कि सर्वेक्षण कार्य को पूरी तरह से प्रभावी बनाने के लिए न केवल समयसीमा बढ़ाई जाए, बल्कि ग्राम सेवकों के साथ-साथ कंप्यूटर ऑपरेटर, रोजगार सेवक और ग्राम पंचायत कर्मचारियों को भी सर्वेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक जरूरतमंद नागरिक तक योजना का लाभ पहुंच सकेगा। इस संबंध में सरपंच संगठन के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र राऊत, जिला सचिव सचिन गावंडे, तालुका अध्यक्ष राजू नौकरकर, उपाध्यक्ष मुरलीधर चौधरी, कोषाध्यक्ष जगदीश वरतकर, महिला मोर्चा प्रमुख वर्षा गणवीर सहित अन्य पदाधिकारियों ने एकमत से यह मांग रखी है कि हर जरूरतमंद को छत मिले, इसके लिए सरकार को इस दिशा में त्वरित और सकारात्मक कदम उठाने होंगे।

### सरपंच संगठन की प्रमुख मांगें:

- प्रधानमंत्री आवास योजना फेज-2 के सर्वे की समयसीमा में कम से कम 1 माह की वृद्धि की जाए।
- तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए तकनीकी सहायता टीमों की नियुक्ति की जाए।
- प्रत्येक गांव में मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
- सर्वेक्षण कार्य में अतिरिक्त कार्मिकों की नियुक्ति की जाए।

# महाराष्ट्र एस.टी. महामंडल का 77वां वर्धापन दिन उत्साहपूर्वक मनाया गया






**हिंगणघाट.**

महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल (एस.टी.) का 77वां स्थापना दिवस हिंगणघाट बस स्थानक में बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गौतम शेंडे ने की, जबकि प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व नगराध्यक्ष राजेंद्र डागा, वरिष्ठ पत्रकार केशव तितरे, सहायक शिक्षक किरण भोयर (नि.मू. घटवाई विद्यालय वडनेर), सहायक वाहतूक अधीक्षक जयंत सडमाके, वाहतूक निरीक्षक ममता सोनोने, आगार लेखापाल गणेश वाघमारे तथा अन्य मान्यवर उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत महान विभूतियों के छायाचित्रों को माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके बाद सहायक वाहतूक अधीक्षक जयंत सडमाके ने प्रास्ताविक किया। कार्यक्रम का संचालन मयूर काथोरे (लिपिक) ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन हितेंद्र हेमके (सहायक कारागीर) ने किया। स्थानीय कर्मचारियों जैसे रवींद्र डंभारे, यशवंत डाखोले, डोंगरे, अनिल बांगडे, वर्षा चाफले, राजू वर्धणे, संगीता मस्कर, अनिल थूल, हेमके व अन्य बस स्थानक कर्मचारियों के सहयोग से बस स्थानक को सुंदर रंगोली और केले के खंभों से सजाया गया। अतिथियों ने अपने मनोगत में एस.टी. महामंडल की सेवाओं से यात्रियों को होने वाले लाभों की जानकारी दी और हिंगनघाट



आगार को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के सुझाव दिए। कार्यक्रम का समापन बस स्थानक परिसर में वृक्षारोपण, केक काटने और अल्पाहार के साथ किया गया।

# देवली बस अड्डे पर बढ़ती छेड़छाड़ की घटनाएं

## > महिला शौचालय में वीडियोग्राफी से हड़कंप

**देवली.**

देवली बस अड्डे पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। महिला शौचालय में एक प्रवासी युवक द्वारा मोबाइल फोन से वीडियोग्राफी करते हुए पकड़े जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इस घटना के बाद छात्राओं में डर का माहौल बन गया है और अभिभावकों की चिंता भी बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को एक छात्रा जब बस अड्डे के महिला शौचालय में गई, तो वहां खिड़की के पास से एक युवक मोबाइल फोन से वीडियो बना रहा था। यह युवक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एसएमडब्ल्यू इस्पात कारखाने में कार्यरत प्रवासी युवक बताया गया है। परिवहन निगम के एक कर्मचारी और बस अड्डा प्रमुख ने युवक को रंगे हाथों पकड़कर उसकी पिटाई की और तुरंत देवली थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। देवली पुलिस ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक को हिरासत में लिया। सहायक उपनिरीक्षक ढोणेकर के अनुसार आरोपी खुद को नाबालिग बता रहा है, इसलिए उसे बाल सुधार गृह भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

हालांकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आरोपी की शारीरिक बनावट देखकर वह नाबालिग नहीं लगता। नागरिकों ने उसकी मेडिकल जांच और उम्र से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच की मांग की है। उपविभागीय पुलिस अधिकारी राहुल चव्हाण ने घटना की जानकारी मिलते ही बस अड्डे का निरीक्षण किया और मौके की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग के नियंत्रक जगदीश ढोबले ने पुलगांव आगार प्रबंधक सूरज बोबड़े के माध्यम से देवली पुलिस थाने को सूचना देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी संख्या में बाहरी युवक काम करते हैं, जो फुर्सत के समय बस अड्डे और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर घूमते हैं। नागरिकों ने बताया कि यह युवक महिलाओं को परेशान करते हैं और आए दिन छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि बस अड्डे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और महिला पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# शिवसेना ने थानेदार को सौंपा ज्ञापन, शहर में अवैध कारोबार बंद करने की मांग

**हिंगनघाट.**

शहर में तेजी से फैल रहे अवैध कारोबारों पर रोक लगाने की मांग को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) की स्थानीय इकाई ने पुलिस थाने का रुख किया। पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिंगणघाट पुलिस थाने के थानेदार को एक ज्ञापन सौंपकर शहर में शराब, एमडी (अमली पदार्थ), सट्टा और रेत की तस्करी जैसे गैरकानूनी धंधों पर तत्काल कार्यवाही की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि शहर के प्रमुख चौकों और सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब और नशीले पदार्थ बेचे जा रहे हैं, जिससे युवा पीढ़ी बर्बादी की कगार पर पहुंच रही है। इसके अलावा शहर में सट्टे का कारोबार भी तेजी से फैल रहा है और रेत माफिया भी सक्रिय हो चुके



हैं। इससे न केवल कानून-व्यवस्था पर असर पड़ रहा है, बल्कि आम जनता का जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

इस दौरान शिवसेना उपजिला प्रमुख सतीश धोबे, पूर्व नगरसेवक मनीष देवड़े, पूर्व उपजिला प्रमुख शंकर झाडे, गजानन काटवले, सुनील आष्टीकर, नंदू रेडलावर, नरेंद्र गुडकरी, सतीश मसराम, अनिल कडू, शीतल चौधरी, भास्कर ठवरे, दिलीप चौधरी, प्रशांत कांबले, नितिन वैद्य, जयकुमार रोहनकर, पप्पू घवघवे, शेख वसीम, शकील अहमद, अतीक मिर्जा, बलराज डेकाटे, शेख नहीं, अमोल वदाफले, विजय कोरडे, हिरामन आवारी, राजू मंडलवार, भास्कर भिसे, आकाश सुरकर, श्रीकृष्ण रामगड़े सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अवैध धंधों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो शिवसेना जनआंदोलन करने पर मजबूर होगी।

# स्टेशन पर किराये को लेकर हुआ विवाद

## शिक्षक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या




**गोंदिया.**

मध्य प्रदेश के करंजा निवासी 35 वर्षीय तुलसी परते ने रात करीब 11 बजे आमगांव रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के सामने छलांग लगा दी, जिसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गई। तुलसी विदिशा जिले में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। वो और उनकी पत्नी विदिशा जाने के लिए आमगांव के पास मध्य प्रदेश राज्य के कारंजा से आमगांव रेलवे स्टेशन आए थे। रेलवे स्टेशन पर किराए को लेकर उनका किसी से झगड़ा हो गया और गुस्से में आकर तुलसी ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। रेलवे पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। रेलवे पुलिस बल गोंदिया द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कोनड में खेत के तालाब में डूबे तीन भाई-बहन

## लापता थे, पानी पर तैरते मिले शव लाशें

**बुलढाणा.**



मंदिर में भगवान के दर्शन करने गए तीन बच्चों की खेत के तालाब में डूबने से दुखद मौत हो गई। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना आज सुबह विदर्भ-मराठवाड़ा सीमा पर कोनड बुद्रुक में सामने आई। तीनों मृतक बच्चे वरुड के हैं।

तीनों एक ही परिवार से हैं, जिनमें से दो सगे भाई-बहन हैं और तीसरा चचेरा भाई है।

मृतकों के नाम यश अनिल जोशी (14), दीपाली रमन जोशी (9) और रोहन रमन जोशी (7) हैं। तीनों भाई-बहन 2 जून की सुबह दर्शन के लिए ओलंदा महादेव गए थे, लेकिन वे वापस नहीं लौटे।

इस बीच, तीनों बच्चे देर रात तक घर नहीं लौटे तो परिवार के सदस्य चिंतित हो गए। गांव वालों ने हर जगह तलाश की और अंत में परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। आज कोनड बुद्रुक से जाफराबाद रोड पर सुभाष परिहार के खेत के तालाब में तीन लोगों के शव तैरते हुए पाए गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल



**अकोला.** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 53 पर हुए भीषण हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। यह घटना कुरणखेड के पास घटी। अकोला से मुर्तिजापुर की ओर तेज गति से जा रहे तिपहिया वाहन पर सवार युवक विराज संतोष टेकाडे गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, ट्राली पर पैलपाड़ा की ओर जा रहे 19 वर्षीय ओम नागे पर की मौके पर ही मौत हो गई।

गलत दिशा से आने वाले वाहन के वाहनों में आमने सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात ठप हो गया। घटना की सूचना मिलने पर बोरगांव मांजू पुलिस स्टेशन स्टाफ मौके पर पहुंचा और पंचनामा तैयार किया। बोरगांव मंजू पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# बिहार चुनाव जीतने के लिए दाल और तेल बीज उत्पादक किसान की बली क्यों?

## किसान संगठन के विजय जावंधिया का केंद्रीय कृषि मंत्री से तिखा सवाल

**वर्धा.**

भारत सरकार ने 28 मई 2025 को खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की थी। इस घोषणा के तहत सोयाबीन का एमएसपी 4892 रुपये से बढ़ाकर 5328 रुपये प्रति क्विंटल और तुअर का एमएसपी 7650 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये किया गया। लेकिन जमीन पर स्थिति बिल्कुल अलग है। किसानों को 2024-25 के खरीफ सत्र में सोयाबीन, तुअर, उड़द, चना, मसूर और मूंग जैसी दालों को बाज़ार में एमएसपी से भी कम कीमत पर ही बेचने को मजबूर होना पड़ा।

सरकार बार-बार आत्मनिर्भरता की बात करती है और किसानों से उत्पादन बढ़ाने की अपील करती है, लेकिन एमएसपी की गारंटी नहीं देती। किसान संगठनों का कहना है कि सरकार भले ही कहती है कि आपकी उपज का हर दाना खरीदा जाएगा, लेकिन हकीकत में किसानों को अपने उत्पादों की उचित कीमत नहीं मिलती।

हाल ही में देश के व्यापारी और दाल मिल एसोसिएशन ने भी 6 मई 2025 को केंद्र सरकार को पत्र लिखकर पिले वाटाना के आयात पर रोक लगाने की मांग की है। लेकिन सरकार केवल चुनाव जीतने की रणनीति बनाने में लगी है। खाद और तेल पर लगाए गए 20 प्रतिशत आयात शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे तेल बीज उत्पादक किसानों को एमएसपी के अनुसार कीमत मिलने में समस्या होगी। सरकार ने पिले वाटाना के करमुक्त आयात को 2026 तक बढ़ा दिया है, जबकि तुअर की कीमत आज 6500 रुपये प्रति क्विंटल के करीब है, एमएसपी 8000 रुपये के करीब कैसे पहुंचेगी? तुअर की दाल 200 रुपये प्रति किलो से गिरकर 100-110 रुपये के दायरे में आ गई है।

किसान नेता विजय जावंधिया ने केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान को खत लिखकर कहा है कि बिहार चुनाव जीतने के लिए यह किसानों की बली क्यों? अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध की वजह से सोयाबीन की कीमतों में और गिरावट आने की संभावना है। ऐसे में क्या भारत के किसान को सोयाबीन की खेती बंद करनी चाहिए? उन्होंने इस पर स्पष्ट मार्गदर्शन की मांग की है। विजय जावंधिया ने कहा कि सरकार को किसानों के हित को चुनावी रणनीति से ऊपर रखना चाहिए और उन्हें एमएसपी के अनुसार उचित मूल्य दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

# छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट पर हेरिटेज टूर के लिए पंजीयन शुरू

**वर्धा.**

भारतीय रेलवे के आईआरसीटीसी द्वारा 9 जून से छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट पर पांच दिवसीय हेरिटेज टूर आयोजित किया जा रहा है। इस टूर में शिवाजी महाराज के इतिहास को करीब से जानने और महसूस करने का मौका मिलेगा। जिला कलेक्टर नरेंद्र फुलझेले ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस विशेष यात्रा के लिए जल्द से जल्द ऑनलाइन पंजीयन करें। भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के जरिए यह यात्रा महाराष्ट्र के प्रमुख ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कराएगी। यात्रा का पहला दिन मुंबई, रायगढ़ और पुणे में होगा। दूसरे दिन पुणे के लाल महल, शिवसृष्टी और कस्बा गणपति का दर्शन होगा। तीसरे दिन शिवनेरी, भीमाशंकर और पुणे, चौथे दिन प्रतापगढ़ और कोल्हापुर, जबकि पांचवें दिन कोल्हापुर के महालक्ष्मी मंदिर, पन्हाला किला और मुंबई की यात्रा होगी। यात्रा का समापन छठे दिन मुंबई में होगा। इस पैकेज में ट्रेन यात्रा, होटल ठहराव, स्थानीय परिवहन, गाइड, शुद्ध शाकाहारी भोजन, यात्रा बीमा और सभी प्रवेश शुल्क शामिल हैं। पंजीयन और जानकारी के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctctourism.com या जिला कलेक्टर कार्यालय से संपर्क करें।

# संदीप पाठक को मिलेगा नटश्रेष्ठ नीलू फुले सिनेभूषण पुरस्कार

## विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों को भी किया जाएगा सम्मानित

**वर्धा.**

नटश्रेष्ठ नीलू फुले आर्ट फाउंडेशन, अकोला द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित नटश्रेष्ठ नीलू फुले स्मृति पुरस्कारों की इस वर्ष घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष का नटश्रेष्ठ नीलू फुले सिनेभूषण पुरस्कार प्रसिद्ध अभिनेता संदीप पाठक को प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें अकोला में आयोजित होने वाले रंगभूमि महोत्सव के अवसर पर प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर सामाजिक, सांस्कृतिक, रंगमंच और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य अनेक व्यक्तियों और संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। फाउंडेशन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि इस आयोजन में अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार वितरित किए जाएंगे, जिनमें से प्रत्येक पुरस्कार उस क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को समर्पित है। प्राचार्य शामकांत कालविट (नांदुरा,



जिला बुलढाणा) को नटश्रेष्ठ नीलू फुले जीवन गौरव पुरस्कार से नवाजा जाएगा, जबकि अकोला के उद्यमी प्रदीप मधुसूदन नंद को संस्कृतिकर्मी पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। रंगमंच की दुनिया में विशिष्ट योगदान के लिए नागपुर के नाट्य निर्देशक संजय भाकरे को नटश्रेष्ठ नीलू फुले नाट्य तपस्वी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

वहीं अकोला के विचारक एवं स्तंभकार प्रोफेसर डॉ. मोहन खडसे को समाज गौरव पुरस्कार और वणी (जिला यवतमाल) के प्रसिद्ध नक्कलकार प्रा. डॉ. दिलीप अळोणे को नटश्रेष्ठ नीलू फुले कलावैभव पुरस्कार दिया जाएगा।

वर्धा की प्रसिद्ध गायिका खुशबू कठाने को नटश्रेष्ठ नीलू फुले कला साधना पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इसके साथ ही अकोला की वरिष्ठ थिएटर कलाकार विद्या मराठे-जोगलेकर को रंगमुद्रा थिएटर, चिंचवड़, पुणे द्वारा कै. सुहासिनी आमले स्मृति पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जाएगा।

इस वर्ष दो सामाजिक संस्थाओं को भी विशेष सम्मान दिया जाएगा। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर बहुउद्देशीय उत्कर्ष प्रतिष्ठान (अकोला) को नटश्रेष्ठ नीलू फुले समाजभूषण पुरस्कार और बुटीबोरी (जिला नागपुर) की कर्मयोगी फाउंडेशन को समाज वैभव पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इन सभी पुरस्कारों के लिए चयन पद्मश्री डॉ. प्रकाश आमटे, डॉ. गिरीश गांधी, मकबूल तांबोली (मुस्लिम सत्यशोधक), डॉ. बाबा आढाव और गोपाल खंडेलवाल जैसी प्रमुख हस्तियों की समिति द्वारा किया गया है।

यह पुरस्कार समारोह केवल सम्मान का प्रतीक ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र के सांस्कृतिक, सामाजिक और रंगमंचीय परंपराओं को प्रोत्साहन देने वाला एक प्रेरणास्रोत आयोजन साबित होगा। अकोला में होने वाला यह रंगभूमि महोत्सव कला प्रेमियों के लिए एक यादगार आयोजन बनने जा रहा है।

# श्रीक्षेत्र महाकाली धाम तीर्थ पर शनि जयंती के अवसर पर महापूजा एवं महाप्रसाद का आयोजन

**वर्धा.**



वर्धा के प्रसिद्ध श्रीक्षेत्र महाकाली धाम तीर्थ में शनि जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर माता महाकाली मंदिर में त्रिदेवियों का विधिवत पूजन एवं होम-हवन सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिष्ठित विद्वान पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने शनि देव की उत्पत्ति, उनके जीवन और न्याय के प्रतीक स्वरूप उनकी भूमिका पर आधारित सारगर्भित प्रवचन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कैसे संध्या देवी सूर्य देव के तेज को सहन न कर पाने के कारण तपस्या हेतु गईं और अपनी छाया को सूर्य के पास छोड़ गईं, जिससे शनिदेव का जन्म हुआ। पंडित अग्निहोत्री ने शनि देव की कठिन तपस्या, भगवान शिव से प्राप्त वरदान, तथा शिव पर पड़े शनि के साढ़ेसाती के प्रभाव की कथा को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने राजा विक्रमादित्य के जीवन से उदाहरण देते हुए समझाया कि शनि की साढ़ेसाती जीवन में कठिनाइयों की परीक्षा लेती है, परंतु अंततः व्यक्ति को अनुभव, ज्ञान और सफलता प्रदान करती है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि शनि देव की कृपा पाने हेतु सदा सत्य, न्याय और अच्छे कर्म करने चाहिए। इस पावन अवसर पर श्री बाहे एवं उनके परिवार द्वारा माता महाकाली का महाप्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने माता महाकाली के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में बाबा महाजन, राघोबाजी कोरडे, चंद्रभान, बाबूलाल दिग्रसे, अनिल बोडखे, गणेश काले समेत अनेक श्रद्धालु एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन भक्तिमय वातावरण और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# 400 पुलिस कर्मचारियों ने किया तबादले का 'अनुरोध'

## एसपी के पास पहुंचे प्रस्ताव; इस सप्ताह हुए 100 ट्रांसफर

**अमरावती**




अमरावती जिला ग्रामीण पुलिस बल में पुलिस कर्मचारियों की स्थानांतरण प्रक्रिया इसी सप्ताह लागू की जाएगी। ऐसे 100 स्थानांतरणीय पुलिस अधिकारी हैं, जिन्होंने एक ही पुलिस थाने में पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। उनका प्रशासनिक स्थानांतरण किया जाएगा। जिले के विभिन्न पुलिस थानों और अन्य शाखाओं में कार्यरत लगभग 400 अधिकारियों ने स्थानांतरण के लिए पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया है। अधिकांश अधिकारियों ने अमरावती उपविभाग को प्राथमिकता दी है।

कई लोगों को परतवाड़ा और तरुद्र पुलिस स्टेशनों का विकल्प दिया गया है। पुलिस इस बात पर बारीकी से नजर रख रही है कि स्थानांतरण चाहने वाले 400 कर्मचारियों में से कितनो की पुलिस अधीक्षक अर्जी स्वीकार करेंगे। डीजी कार्यालय की ओर से निर्देश दिए गए थे कि पुलिस बल में स्थानांतरणीय पदाधिकारियों का प्रशासनिक तबादला 31 मई से पहले कर दिया जाए। हालांकि पुलिस अधीक्षक विशाल आनंद के पहले प्रशिक्षण और फिर अवकाश पर जाने के कारण अब यह स्थानांतरण प्रक्रिया जून के पहले सप्ताह में अमल में लाई जाएगी। इसके लिए स्थानांतरणीय पुलिस अधिकारियों की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है।

एसपी विशाल आनंद ने बताया कि करीब 400 अधिकारियों ने स्थानांतरण के लिए आवेदन दिया है। स्थानांतरण हेतु अनुरोध करने वाले लोगों की संख्या का निर्णय स्थानांतरण हेतु अनुरोध करने में रुचि रखने वाले अधिकारियों के साथ 'एक-एक करके' बातचीत करने के बाद किया जाएगा। एसपी विशाल आनंद ने बताया कि ज्यादातर आवेदन वरुड़ और परतवाड़ा पुलिस स्टेशनों के लिए आए हैं, जिनमें शहर के नजदीक स्थित अमरावती उप-मंडलों जैसे लोनी, असेगांव, माहुली जहांगीर और मंगरुल चावला के स्टेशन भी शामिल हैं।

# कैडेंस एकेडमी का धरमपेठ परिसर में भव्य उद्घाटन

**नागपुर.**



1-2 जून, 2025 को कैडेंस एकेडमी ऑफ डिज़ाइन ने धरमपेठ परिसर में भव्य उद्घाटन के साथ एक मील का पत्थर स्थापित किया, जो 25 उल्लेखनीय वर्षों की अपनी विरासत में एक दूरदर्शी कदम है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि आईआईएम नागपुर के निदेशक डॉ. भीमराय मेट्री ने भाग लिया, जिन्होंने नए परिसर का अनावरण किया और कैडेंस की 25 साल की यात्रा, इसके अभिनव शैक्षिक दृष्टिकोण और डिजाइन शिक्षा परिदृश्य में इसके योगदान के बारे में एक शक्तिशाली भाषण के साथ सभा को संबोधित किया। डॉ. मेट्री ने नए परिसर में अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की प्रशंसा की और इसे रचनात्मक शिक्षा में एक बेंचमार्क बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे ऐसा वातावरण कल्पनाशील दिमाग और भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों को पोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने फैशन डिजाइनिंग और इंटीरियर डिजाइनिंग में अपार संभावनाओं के बारे में भी बात की और बताया कि ये क्षेत्र केवल सौंदर्य तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि मनोरंजन, रियल एस्टेट, जीवनशैली और प्रौद्योगिकी जैसे उद्योगों में भी इनकी मांग बढ़ रही है।

कार्यक्रम में एक जीवंत पेरिस्टाइल प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें इंटीरियर डिजाइन के छात्रों ने लघु मॉडल प्रदर्शित किए और फैशन डिजाइन के छात्रों ने अपने परिधान और संग्रह प्रदर्शित किए, जो उनके साल भर के अध्ययन और नवाचार को दर्शाते हैं। डॉ. मेट्री ने व्यक्तिगत रूप से प्रदर्शनी का दौरा किया और छात्रों से बातचीत की, उनकी रचनात्मकता और वैचारिक गहराई की सराहना की।

छात्रों को उनके साथ प्रश्नोत्तर सत्र में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया, जहां उन्होंने शैक्षणिक योजना, नवाचार और कैरियर विकल्पों से संबंधित व्यावहारिक प्रश्नों के उत्तर दिये। इंटीरियर डिजाइनिंग और फैशन डिजाइनिंग में अपने-अपने पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। डॉ. भीमराय मेट्री और कैडेंस निदेशक रूपेश कुमार ने उत्साही दर्शकों की उपस्थिति में प्रमाण पत्र प्रदान किए।समारोह के हिस्से के रूप में, कैडेंस अकादमी ने छात्रों की सफलता के पीछे के वास्तविक मार्गदर्शकों की सराहना की - उनके संकाय और कोर टीम के सदस्य जो अपने समर्पण के वर्षों के लिए लंबे समय से योगदान दे रहे हैं, जिनमें से कुछ अपनी स्थापना के बाद से ही संस्थान के स्तंभ रहे हैं।

कैडेंस अकादमी ने अपने नए संकाय सदस्यों के साथ-साथ उनके सहायक कर्मचारियों का भी स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन कैडेंस के वर्तमान सीईओ वेदांत कुमार ने हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने कैडेंस की विरासत को नए दृष्टिकोण, जुनून और वादे के साथ आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता साझा की।

**अधिक पाठ्यक्रम विवरण के लिए:**

मुख्य कार्यालय: कैडेंस अकादमी ऑफ डिज़ाइन प्राइवेट लिमिटेड, मयूर स्टेशनरी के पीछे, कॉफी हाउस स्क्वायर, धरमपेठ, नागपुर - 440010

**फ़ोन: 97766691291, 7559267900,9766010009**

# अमरावती में गुटखा माफियाओं पर तीसरी बड़ी कार्रवाई

## रामपुरी कैंप से 10 लाख का गुटखा जब्त

**अमरावती.**





अमरावती के पुलिस आयुक्त अरविंद चावसिया ने पदभार ग्रहण करते ही शहर में पुलिस ने गुटखा माफियाओं पर कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में पिछले चार दिनों में तीसरी बड़ी कार्रवाई हुई है, जिसमें पुलिस ने शहर के रामपुरी कॅम्प क्षेत्र में छापा मारकर 10 लाख 43 हजार रुपये का गुटखा जब्त किया है। अमरावती के नए पुलिस आयुक्त ने अपना कार्यभार संभालने के साथ ही शहर में कानून-व्यवस्था पर गंभीरता से कार्य शुरू की है। इसके तहत सबसे पहले अवैध कारोबार करने वालों पर नकेल कसा जा रहा है। ऐसे ही क्राइम ब्रांच को गश्त के दौरान सूचना मिली कि रामपुरी कॅम्प में स्थित एक मकान में बड़े पैमाने पर गुटखा जमा किया गया है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने अन्न सुरक्षा अधिकारी गजानन गोरे के साथ मिलकर छापा मारा। परिसर में रहने वाले राजेश केसवाणी के घर की तलाशी ली गई, जहां दो बंद कमरों में गुटखे की बड़ी खेप पाई गई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यह गुटखा बिक्री के उद्देश्य से लाया गया था। पुलिस ने गुटखा जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। अन्न सुरक्षा अधिकारी गजानन गोरे की शिकायत पर गाडगेनगर पुलिस स्टेशन में राजेश केसवाणी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई से शहर में गुटखा माफियाओं में खलबली मच गई है।

# 9 साल से फरार बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

## न्यायालय ने भेजा जेल

**नागपुर.**

कलमना पुलिस ने 9 वर्षों से फरार चल रहे एक बलात्कार मामले के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी अमरसिंग धनराज धुर्वे (उम्र 45), भेंडाला गांव, तहसील सावनेर निवासी को 2 जून 2025 को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दबोच लिया। अमरसिंग धुर्वे के खिलाफ कलमना थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 493 तथा 506(ब) के तहत मामला दर्ज था। पहले उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से उसे सशर्त जमानत मिली थी। लेकिन जमानत पर रिहा होने के बाद वह बार-बार कोर्ट में हाजिर होने से बचता रहा। न्यायालय के जारी आदेशों के मद्देनजर कलमना पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया और अंततः उसे हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया। न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में भेजते हुए मध्यवर्ती कारागृह में रवानगी के आदेश दिए हैं।

यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम और सहायक पुलिस आयुक्त (कामठी विभाग) विशाल क्षिरसागर के मार्गदर्शन में वपुनि. प्रविण काले, सफौ. गोपाल वैद्य, पुहवा. नरेश मोलक, पु.अ. रंजित बावणे और दीपक मेश्राम की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।




**सौसर शहर के विट्ठल मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष के निर्विरोध निर्वाचन पर उनका सेवासदन समिति ने अभिनंदन किया सत्येंद्र कुमार सिंह एवं मनोरंजन सिंह ने मंदिर में उनका अभिनंदन किया. इस अवसर पर गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.**

# चोरों ने उड़ाए 24.66 लाख के गहने और नकदी

**नागपुर.**

कोतवाली पुलिस थाना अंतर्गत महाल परिसर में एक बंद घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि इस घटना के समय पीड़ित परिवार अपने रिश्तेदार की शादी समारोह में भाग लेने के लिए अमरावती गया हुआ था। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवा कर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार

कोतवाली पुलिस थाने से चंद कदमों की दूरी पर संकेत हरीश जसानी (31), प्लॉट नंबर 684,जलाराम निवास नामक अपने घर में परिवार के साथ रहते हैं। संकेत पेशे से व्यापारी हैं। 31 मई की रात करीब 10:00 बजे संकेत अपने घर को ताला लगाकर परिवार सहित अमरावती में अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए गए हुए थे। अगली सुबह उनके पड़ोसी ने फोन कर उन्हें बताया कि उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। हालांकि जब तक संकेत अपनी पत्नी के साथ घर पहुंचे तब तक पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी। जांच के दौरान ही पता चला कि रात के समय चोरों ने उनके घर के मुख्य दरवाजे की कड़ी कुंडा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बेडरूम में रखी आलमारी से 5 लाख नगद और सोने, डायमंड और कीमती गाड़ियों सहित करीब 24 लाख 66 हजार 800 रूपयों के माल पर हाथ साफ कर लिया। इस घटना के बाद पूरे परिसर में खलबली मच गई। फरियादी ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस आसपास के परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि इन अज्ञात चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

# सिविल अस्पताल में टीबी मरीजों को वितरित की गई पोषण फूड वास्केट



**सौंसर.**

सौंसर के सिविल अस्पताल में क्षय रोगी (टीबी) से पीड़ित मरीजों को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश शुक्ला हस्तें फूड वास्केट (पोषण आहार) वितरण किया गया। मरीजों को डॉटस पद्धति के नियमानुसार दवाईयो का सेवन प्रतिदिन करने को कहा गया। साथही टी बी रोग से बचाव एवं सुरक्षा की जानकारी दी गई। रोगियों को प्रतिदिन पोषण आहार लेने के लाभ के साथ परिवार में या अडोस-पडोस में यदि किसी को भी एक सप्ताह से अधिक समय से खॉसी चल रही है तो उसके खकार की जांच करने पर जोर दिया। अवसर पर बीईई रवि प्रसाद तुमडाम, बीपीएम नवनीत बोरकर, बीसीएम श्रीराम अहिरवार, एसटीएस सुरेश सोमकुवर, संतोष पाटील, एएनएम अंजलि उबनारे, आषा हिवरकर सहित स्टॉफ उपस्थित था।

# अमरावती में 25 लाख का बोगस एचटीबीटी बीज जप्त

## कृषि विभाग की बड़ी कार्यवाही



**अमरावती.** 01.06.2025 को विभाग स्तरीय उड़न दस्ते को प्राप्त गोपनीय जानकारी के आधार पर ट्रैवल्स पॉइंट, अमरावती में अहमदाबाद से नागपुर जा रही एक ट्रैवल्स बस की जांच की गई। जांच में पाया गया कि बस में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त न होने वाले, अवैध एचटीबीटी बीजों के कुल पचास सफेद बोरे थे। हर बोरे में 50 पैकेट थे, यानी कुल 2500 पैकेट, और साथ ही प्रिंटिंग किये हुए चार बोरे भी पाये गए। इस संपूर्ण सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये है। यह सारा स्टॉक जब्त कर लिया गया है। यह कार्रवाई प्रमोद लहाले (विभागीय कृषि सह-संचालक, अमरावती) और राहुल सातपुते (जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी, अमरावती) के मार्गदर्शन में राजेश जानकर (तकनीकी अधिकारी - गुणवत्ता नियंत्रण), श्रीकांत नागे (वरिष्ठ लिपिक), और प्रदीप वानखड़े (वाहन चालक) की टीम ने की।

# कैंटोनमेंट अस्पताल में आधुनिक ऑपरेशन थिएटर का भव्य उद्घाटन

**कामठी.**



कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा संचालित कामठी कैंटोनमेंट अस्पताल में उपलब्ध उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का नागरिकों को बड़े पैमाने पर लाभ उठाना चाहिए, यह आह्वान मेजर जनरल एस. के. विद्यार्थी ने कैंटोनमेंट बोर्ड अस्पताल में मंगलवार 3 जून को ऑपरेशन थिएटर के उद्घाटन के अवसर पर मार्गदर्शन किया। कामठी कैंटोनमेंट बोर्ड अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन मेजर जनरल एस. के. विद्यार्थी के हाथों दीप प्रज्वलन और रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर कामठी के ब्रिगेडियर अभिजीत वालिम्बे, कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिशासी अधिकारी महेश वड्डे, कर्नल प्रशांत नायक, कर्नल अमिताभ होस्कोटे, कर्नल आशा काले, कामठी कैंटोनमेंट बोर्ड के मनोनीत सदस्य कमलकिशोर उर्फ लालू यादव, अस्पताल के डॉ. अरुंधति काले, डॉ. अमर नागपाल, डॉ. विवेक कुराले, डॉ. लता मेघराजानी, अभियंता एस. ठाकरे आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित थे। ज्ञात हो कि कैंटोनमेंट जनरल अस्पताल में विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं को अपग्रेड के साथ निम्नलिखित सुविधाओं से सुसज्जित है। जिनमें सीटी स्कैन मशीन (मल्टी-स्लाइस, 16 स्लाइस या अधिक क्षमता), 100 से अधिक प्रकार के रक्त परीक्षण करने में सक्षम स्वचालित रक्त परीक्षण उपकरण, डिजिटल एक्स-रे मशीन ये सेवाएं आम जनता के लिए उपलब्ध हैं - कैंटोनमेंट के भीतर और बाहर के निवासी दोनों - सस्ती दरों पर अस्पताल निम्नलिखित चिकित्सा सेवाएं भी प्रदान करता है - सामान्य ओपीडी और आयुर्वेद ओपीडी, निःशुल्क फार्मेसी (सभी को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराना), फिजियोथेरेपी और दंत चिकित्सा सेवाएं, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, त्वचा विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सक की सेवाओं सहित विशेषज्ञ परामर्श, एम्बुलेंस सेवा का समावेश है।

कामठी कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिशासी अधिकारी महेश वड्डे ने कामठी कैंटोनमेंट अस्पताल में उपलब्ध उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए नागरिकों से इन स्वास्थ्य सेवाओं का बड़े पैमाने पर लाभ उठाने की अपील की है। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता मेजर जनरल एस. के. विद्यार्थी ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कामठी कैंटोनमेंट बोर्ड अस्पताल में सरकार की ओर से उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और नागरिकों को इनका बड़े पैमाने पर लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में कैंटोनमेंट बोर्ड और अस्पताल के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 267-5 | 170-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 257-4 | 460-0 |

